महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : रू०वि० / प०नि०का० / एफ–3 / 2021 / 6434-41 — दिनांकः 25.09.2021

विज्ञप्ति

एतत्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मुख्य परीक्षा 2021 के परीक्षाफल घोषित किये जा चुके है। कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत शासन के दिशा–निर्देशों के कम में विश्वविद्यालय द्वारा मुख्य परीक्षा 2021 की परीक्षा का प्रारूप बदला गया था। जिसमें प्रत्येक विषय के सभी लिखित प्रश्नपत्रों को एक प्रश्नपत्र में समाहित करते हुऐ एक प्रश्नपत्र तैयार कर 100 पूर्णाक की परीक्षा सम्पादित करायी गयी है। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन उपरान्त परीक्षक द्वारा प्रदत्त अंकों का प्रतिशत ज्ञात करते हुए इस प्रतिशत को समान रूप से उस विषय के सभी लिखित प्रश्नपत्रों के अधिकतम अंक के अनुसार अंक प्रदान किये गये है। साथ ही किसी विषय की परीक्षा में परीक्षार्थी के अनुपस्थित रहने या यू०एफ०एम० मे अधिरोपित होने पर उस विषय के सभी लिखित प्रश्नपत्रों में कमशः अनुपस्थित या यू०एफ०एम० दर्शाया गया है। स्नातक स्तर पर (बी०ए०, बी०एस०सी०, बी०काम०) मुख्य परीक्षा 2021 में सम्मिलित होने वाले संस्थागत छात्र / छात्रों को खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा विषय के प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक लिखित परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर दिये गये हैं।

–:परीक्षाफल घोषित करने के सम्बन्ध में उदाहरणः–

1. यदि किसी परीक्षार्थी ने बी०एस०सी० द्वितीय वर्ष 2021 में जन्तु विज्ञान विषय लिया है, और उस परीक्षार्थी को जन्तुविज्ञान विषय की उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन उपरान्त 100 में से 50 अंक प्राप्त हुए है तो उसका प्रतिशत 50% हुआ। यह प्रतिशत जन्तु विज्ञान विषय के समस्त लिखित प्रश्नपत्रों के अधिकतम अंक का 50% के अनुसार लागू किया जायेगा।

B.Sc. II		I	II	III
Zoology	पूर्णांक–	33	33	34
(उक्त फार्मूले के अनुसार छात्र को प्राप्त अंक)		33*50/100	33*50/100	34*50/100
	प्राप्तांक–	(16.5)=17	(16.5)=17	17

2. यदि किसी परीक्षार्थी ने बी०एस०सी० तृतीय वर्ष 2021 में गणित विषय लिया है, और उस परीक्षार्थी को गणित विषय की उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन उपरान्त 100 में से 60 अंक प्राप्त हुए है तो उसका प्रतिशत 60% हुआ। यह प्रतिशत गणित विषय के समस्त लिखित प्रश्नपत्रों के अधिकतम अंक का 60% के अनुसार लागू किया जायेगा।

B.Sc. III		I	II	III	IV
Mathematics	पूर्णांक–	55	55	55	60
(उक्त फार्मूले के अनुसार छात्र को प्राप्त अंक)		55*60/100	55*60/100	55*60/100	60*60/100
	प्राप्तांक–	33	33	33	36

उपरोक्त फार्मूले के आधार पर यदि किसी परीक्षार्थी के उसके मूल प्राप्तांक से अंक कम हो रहे हैं तो उसकी पूर्ति हेतु परीक्षार्थी के सम्बन्धित विषय के अधिकतम पूर्णांक वाले प्रश्नपत्र में समायोजित की जायेगी।

	पूर्णांक–	33	33	34
(फार्मूले के अनुसार छात्र को प्राप्त अंक)		33*19/100	33*19/100	34*19/100
	प्राप्तांक–	(6.27)=06	(6.27)=06	(6.46)=06
(उक्त नियमानुसार छात्र को प्राप्त अंक)		33*19/100	33*19/100	34*19/100
	प्राप्तांक–	(6.27)=06	(6.27)=06	(6.46)=07

(परीक्षा नियंत्रक)

क्रमशः पृष्ठ 02 पर ......

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय के प्रेषित अपने स्तर छात्र/छात्राओं को परीक्षाफल के सम्बन्ध में अवगत कराने का कष्ट करें ।
2. डा0 अमित सिंह, मीडिया प्रभारी
3. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
4. प्रशासनिक अधिकारी (परीक्षा/गोपनीय)
5. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट
6. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
7. वयैक्यिक सहायक, कुलसचिव

परीक्षा नियंत्रक